C.S(P)-09

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO***

**T.B.C. : Q-DTQ-J-HT**

**TEST BOOKLET SERIES**

**Serial**

389133

# TEST BOOKLET

## GENERAL STUDIES

**A**

***Time Allowed : Two Hours*** ***Maximum Marks : 150***

### INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET DOES ***NOT*** HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. ENCODE CLEARLY THE TEST BOOKLET SERIES **A, B, C** OR **D** AS THE CASE MAY BE IN THE APPROPRIATE PLACE IN THE ANSWER SHEET.
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **150** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator ***only the Answer Sheet.*** You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**

    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.

    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third (0·33)** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.

    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.

    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO***

***ध्यान दें :*** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

1. Among the following Presidents of India, who was also the Secretary General of Non-Aligned Movement for some period ?

(a) Dr. Sarvepalli Radhakrishnan

(b) Varahagiri Venkatagiri

(c) Giani Zail Singh

(d) Dr. Shanker Dayal Sharma

2. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I* (*Person*) | *List II* (*Organization*) |
|---|---|
| A. Anil Agarwal | 1. Gujarat Heavy Chemicals Ltd. |
| B. Gautam H. Singhania | 2. Raymond Ltd. |
| C. Sanjay Dalmia | 3. Vedanta Resources |
| D. Venugopal Dhoot | 4. Videocon Group |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

3. To integrate cultural leaders into its meetings, which one of the following gives "Crystal Award" ?

(a) Asia Pacific Economic Cooperation

(b) International Bank for Reconstruction and Development

(c) World Health Organization

(d) World Economic Forum

4. In India, which one of the following States has the largest inland saline wetland ?

(a) Gujarat

(b) Haryana

(c) Madhya Pradesh

(d) Rajasthan

5. Consider the following stattements :

1. MMTC Limited is India's largest international trading organisation.

2. Neelachal Ispat Nigam Limited has been set up by MMTC jointly with the Government of Orissa.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

6. In which one of the following States has India's largest private sector sea port been commissioned recently ?

(a) Andhra Pradesh

(b) Karnataka

(c) Kerala

(d) Tamil Nadu

1. निम्नलिखित भारत के राष्ट्रपतियों में से कौन एक, कुछ समय के लिए गुट-निरपेक्ष आंदोलन के महासचिव भी थे ?

(a) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

(b) वराहगिरि वेंकटगिरि

(c) ज्ञानी ज़ैल सिंह

(d) डॉ. शंकर दयाल शर्मा

2. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (व्यक्ति)* | *सूची II (संगठन)* |
|---|---|
| A. अनिल अग्रवाल | 1. गुजरात हेवी केमिकल्स लिमिटेड |
| B. गौतम एच. सिंघानिया | 2. रेमंड लिमिटेड |
| C. संजय डालमिया | 3. वेदांत रिसोर्सेज़ |
| D. वेणुगोपाल धूत | 4. विडियोकॉन ग्रुप |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

3. सांस्कृतिक नेताओं को अपनी सभाओं में जोड़ने के लिए, निम्नलिखित में से कौन एक, "क्रिस्टल पुरस्कार" प्रदान करता है ?

(a) एशिया प्रशांत (पैसिफिक) आर्थिक सहयोग

(b) अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक

(c) विश्व स्वास्थ्य संगठन

(d) विश्व आर्थिक मंच

4. निम्नलिखित राज्यों में से किसमें भारत की सबसे बड़ी अन्तर्देशीय लवणीय आर्द्रभूमि है ?

(a) गुजरात

(b) हरियाणा

(c) मध्य प्रदेश

(d) राजस्थान

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. एम.एम.टी.सी. लिमिटेड भारत का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक संगठन है ।
2. नीलांचल इस्पात निगम लिमिटेड की स्थापना एम.एम.टी.सी. ने उड़ीसा सरकार के साथ संयुक्त रूप से की है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

6. निम्नलिखित में से किस एक राज्य में, भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बन्दरगाह को हाल ही में चालू किया गया है ?

(a) आन्ध्र प्रदेश

(b) कर्नाटक

(c) केरल

(d) तमिल नाडु

7. Which one of the following pairs is ***not*** correctly matched ?

(a) Japan : Nikkei

(b) Singapore : Shcomp

(c) UK : FTSE

(d) USA : Nasdaq

8. Consider the following statements :

1. INS Sindhughosh is an aircraft carrier.
2. INS Viraat is a submarine.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

9. Consider the following statements :

1. The Commission for Agricultural Costs and Prices recommends the Minimum Support Prices for 32 crops.
2. The Union Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution has launched the National Food Security Mission.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

10. In India, the ports are categorized as major and non-major ports. Which one of the following is a non-major port ?

(a) Kochi (Cochin)

(b) Dahej

(c) Paradip

(d) New Mangalore

11. Among other things, which one of the following was the purpose for which the Deepak Parekh Committee was constituted ?

(a) To study the current socio-economic conditions of certain minority communities

(b) To suggest measures for financing the development of infrastructure

(c) To frame a policy on the production of genetically modified organisms

(d) To suggest measures to reduce the fiscal deficit in the Union Budget

12. The brothers Umakant and Ramakant Gundecha are

(a) Dhrupad vocalists

(b) Kathak dancers

(c) Sarod maestros

(d) Tabla players

13. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I (Famous person)* | *List II (Well-known for)* |
|---|---|
| A. Mandakini Amte | 1. Theatre direction |
| B. Neelam Mansingh Chowdhry | 2. Social service and community leadership |
| C. Romila Thapar | 3. Dance |
| D. Vanashree Rao | 4. History writing |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

7. निम्नलिखित युग्मों में से कौनसा एक सही सुमेलित *नहीं* है ?

(a) जापान : निक्की

(b) सिंगापुर : श्कॉम्प

(c) यू.के. : एफ.टी.एस.ई.

(d) यू.एस.ए. : नास्दाक़

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. आई.एन.एस. सिंधुघोष वायुयान वाहक पोत है ।
2. आई.एन.एस. विराट एक पनडुब्बी है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कृषि लागत और कीमत आयोग 32 फ़सलों के लिए न्यूनतम समर्थन कीमतों की सिफारिश करता है ।
2. केन्द्रीय उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन आरम्भ किया है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

10. भारत में बंदरगाह, प्रमुख और अप्रमुख बंदरगाहों के रूप में वर्गीकृत किए गए हैं । निम्नलिखित में से कौनसा एक अप्रमुख बंदरगाह है ?

(a) कोच्चि (कोचीन)

(b) दाहेज

(c) पारादीप

(d) न्यू मंगलोर

11. दीपक पारेख कमेटी अन्य चीज़ों के साथ-साथ, निम्नलिखित में से किस एक उद्देश्य के लिए गठित की गई थी ?

(a) कुछ अल्पसंख्यक समुदायों की वर्तमान सामाजिक-आर्थिक स्थिति का अध्ययन करने के लिए

(b) अवसंरचना के विकास और वित्तीयन के लिए उपाय सुझाना

(c) आनुवंशिकतः रूपांतरित जीवों के उत्पादन के विषय में एक नीति बनाना

(d) केन्द्रीय बजट में राजकोषीय घाटा कम करने के उपाय सुझाना

12. उमाकांत और रमाकांत गुंडेचा बंधु क्या हैं ?

(a) ध्रुपद गायक

(b) कथक नर्तक

(c) सरोद संगीतज्ञ

(d) तबला वादक

13. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (प्रसिद्ध व्यक्ति)* | *सूची II (जिसके लिए सुप्रसिद्ध हैं)* |
|---|---|
| A. मंदाकिनि आम्टे | 1. नाट्य निर्देशन |
| B. नीलम मानसिंह चौधरी | 2. समाज सेवा और सामुदायिक नेतृत्व |
| C. रोमिला थापर | 3. नृत्य |
| D. वनश्री राव | 4. इतिहास-लेखन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

14. With reference to Stree Shakti Puraskar, for which one of the following is "Devi Ahilya Bai Holkar Award" given ?

(a) Administrative skills

(b) Achievements in Scientific Research

(c) Achievements in Sports and Games

(d) Courage and valour

15. In which State is the Buddhist site Tabo Monastery located ?

(a) Arunachal Pradesh

(b) Himachal Pradesh

(c) Sikkim

(d) Uttarakhand

16. With which one of the following has the B.K. Chaturvedi Committee dealt ?

(a) Review of Centre-State relations

(b) Review of Delimitation Act

(c) Tax reforms and measures to increase revenues

(d) Price reforms in the oil sector

17. Mahamastakabhisheka, a great religious event, is associated with and done for who of the following ?

(a) Bahubali

(b) Buddha

(c) Mahavir

(d) Nataraja

18. Consider the following pairs :

| | *Tradition* | | *State* |
|---|---|---|---|
| 1. | Gatka, a traditional martial art | : | Kerala |
| 2. | Madhubani, a traditional painting | : | Bihar |
| 3. | Singhey Khababs Sindhu Darshan Festival | : | Jammu and Kashmir |

Which of the pairs given above is/are correctly matched ?

(a) 1 and 2 only

(b) 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

19. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I (Famous person)* | *List II (Well-known as)* |
|---|---|
| A. Anna Hazare | 1. Lawyer |
| B. Deepak Parekh | 2. Banker |
| C. GVK Reddy | 3. Gandhian and social activist |
| D. Harish Salve | 4. Industrialist |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

14. स्त्री शक्ति पुरस्कार के संदर्भ में, निम्नलिखित में से किसके लिए "देवी अहिल्या बाई होल्कर पुरस्कार" दिया जाता है ?

(a) प्रशासनिक कौशल

(b) वैज्ञानिक अनुसंधान में उपलब्धियाँ

(c) खेलों में उपलब्धियाँ

(d) वीरता और साहस

15. निम्नलिखित में से किस राज्य में बौद्धस्थल टेबो मठ अवस्थित है ?

(a) अरुणाचल प्रदेश

(b) हिमाचल प्रदेश

(c) सिक्किम

(d) उत्तराखंड

16. बी.के. चतुर्वेदी कमेटी ने, निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित कार्य किया है ?

(a) केन्द्र-राज्य सम्बन्धों की समीक्षा

(b) परिसीमन अधिनियम की समीक्षा

(c) कर-सुधार और राजस्व में वृद्धि के उपाय

(d) तेल क्षेत्र में कीमत सुधार

17. महान् धार्मिक घटना, महामस्तकाभिषेक, निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है और किसके लिए की जाती है ?

(a) बाहुबली

(b) बुद्ध

(c) महावीर

(d) नटराज

18. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | *परम्परा* | | *राज्य* |
|---|---|---|---|
| 1. | गतका, एक पारंपरिक सामरिक कौशल (मार्शल आर्ट) | : | केरल |
| 2. | मधुबनी, एक पारंपरिक चित्रकला | : | बिहार |
| 3. | सिंघे खबाब्स सिंधु दर्शन उत्सव | : | जम्मू और कश्मीर |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा/से सही सुमेलित है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

19. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची I (प्रसिद्ध व्यक्ति)* | | *सूची II (किस रूप में जाने जाते हैं)* |
|---|---|---|---|
| A. | अन्ना हज़ारे | 1. | वकील |
| B. | दीपक पारेख | 2. | बैंकर |
| C. | जी.वी.के. रेड्डी | 3. | गांधीवादी एवं सामाजिक सक्रियतावादी |
| D. | हरीश साल्वे | 4. | उद्योगपति |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

20. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List I (Famous person) | List II (Well-known as) |
|---|---|
| A. Amrita Sher-Gil | 1. Dancer |
| B. Bhimsen Joshi | 2. Painter |
| C. Rukmini Devi Arundale | 3. Poet |
| D. Suryakant Tripathi Nirala | 4. Singer |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

21. With reference to the schemes launched by the Union Government, consider the following statements :

1. Ministry of Health and Family Welfare launched the Rashtriya Swasthya Bima Yojana.
2. Ministry of Textiles launched the Rajiv Gandhi Shilpi Swasthya Bima Yojana.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

22. Consider the following pairs :

| | Persons | | Sport |
|---|---|---|---|
| 1. | Anand Pawar | : | Chess |
| 2. | Akhil Kumar | : | Boxing |
| 3. | Shiv Shankar Prasad Chowrasia | : | Golf |

Which of the pairs given above is/are correctly matched ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 3 only

(d) 1, 2 and 3

23. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List I (Book) | List II (Author) |
|---|---|
| A. *In Custody* | 1. Amartya Sen |
| B. *Sea of Poppies* | 2. Amitav Ghosh |
| C. *The Argumentative Indian* | 3. Anita Desai |
| D. *Unaccustomed Earth* | 4. Jhumpa Lahiri |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

20. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (प्रसिद्ध व्यक्ति)* | *सूची II (किसके लिए जाने जाते हैं)* |
|---|---|
| A. अमृता शेर-गिल | 1. नर्तक/नर्तकी |
| B. भीमसेन जोशी | 2. चित्रकार |
| C. रुक्मिणी देवी अरुंडेल | 3. कवि/कवयित्री |
| D. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला | 4. गायक/गायिका |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

21. संघ सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई योजनाओं के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना आरंभ की ।
2. कपड़ा मंत्रालय ने राजीव गांधी शिल्पी स्वास्थ्य बीमा योजना आरंभ की ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

22. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | *व्यक्ति* | | *खेल* |
|---|---|---|---|
| 1. | आनन्द पवार | : | शतरंज |
| 2. | अखिल कुमार | : | मुक्केबाज़ी |
| 3. | शिव शंकर प्रसाद चौरसिया | : | गोल्फ़ |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा/से सही सुमेलित है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3

23. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (पुस्तक)* | *सूची II (लेखक)* |
|---|---|
| A. *इन कस्टडी* | 1. अमर्त्य सेन |
| B. *सी ऑफ़ पॉपीज़* | 2. अमिताव घोष |
| C. *द आर्ग्युमेन्टेटिव इंडियन* | 3. अनीता देसाई |
| D. *अनएकस्टम्ड अर्थ* | 4. झुम्पा लाहिड़ी |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

24. Among the following, who are the Agaria community ?

(a) A traditional toddy tappers community of Andhra Pradesh

(b) A traditional fishing community of Maharashtra

(c) A traditional silk-weaving community of Karnataka

(d) A traditional salt pan workers community of Gujarat

25. Recently, which one of the following was included in the UNESCO's World Heritage list ?

(a) Dilwara Temple

(b) Kalka-Shimla Railway

(c) Bhiterkanika Mangrove Area

(d) Visakhapatnam to Araku valley railway line

26. Where is the famous Virupaksha temple located ?

(a) Bhadrachalam

(b) Chidambaram

(c) Hampi

(d) Srikalahasti

27. Other than Venezuela, which one among the following from South America is a member of OPEC ?

(a) Argentina

(b) Brazil

(c) Ecuador

(d) Bolivia

28. Under the administration o which one of the following is the Department of Atomic Energy ?

(a) Prime Minister's Office

(b) Cabinet Secretariat

(c) Ministry of Power

(d) Ministry of Science and Technology

29. Consider the following pairs :

| | *Large Bank* | | *Country of origin* |
|---|---|---|---|
| 1. | ABN Amro Bank | : | USA |
| 2. | Barclays Bank | : | UK |
| 3. | Kookmin Bank | : | Japan |

Which of the above pairs is/are correctly matched ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 1 and 2

(d) 2 and 3

30. Which among the following has the world's largest reserves of Uranium ?

(a) Australia

(b) Canada

(c) Russian Federation

(d) USA

31. Elephant Pass, which is frequently in the news, is mentioned in the context of the affairs of which one of the following ?

(a) Bangladesh

(b) India

(c) Nepal

(d) Sri Lanka

24. निम्नलिखित में से अगाड़िया समुदाय कौनसा है ?

(a) आन्ध्र प्रदेश का परम्परागत ताड़ी निकालने वाला समुदाय

(b) महाराष्ट्र का परम्परागत मत्स्यन समुदाय

(c) कर्नाटक का परम्परागत रेशम-बुनकर समुदाय

(d) गुजरात का परम्परागत लवण-पटल श्रमिक समुदाय

25. हाल में, निम्नलिखित में से कौनसा एक, **यूनेस्को** (UNESCO) की विश्व विरासत सूची में सम्मिलित किया गया है ?

(a) दिलवाड़ा मन्दिर

(b) कालका-शिमला रेलवे

(c) भितरकणिका मैंग्रोव क्षेत्र

(d) विशाखापटनम से अराकु घाटी रेलवे लाइन

26. प्रसिद्ध विरुपाक्ष मंदिर कहाँ अवस्थित है ?

(a) भद्राचलम

(b) चिदम्बरम

(c) हम्पी

(d) श्रीकालहस्ति

27. वेनेज़ुएला को छोड़कर, दक्षिण अमेरिका का निम्नलिखित में से कौनसा एक देश **ओपेक** (OPEC) का सदस्य है ?

(a) अर्जेन्टीना

(b) ब्राज़ील

(c) इक्वेडोर

(d) बोलीविया

28. परमाण्विक ऊर्जा विभाग, निम्नलिखित में से किसके प्रशासन के अधीन है ?

(a) प्रधान मंत्री कार्यालय

(b) मंत्रिमंडल सचिवालय

(c) विद्युत् मंत्रालय

(d) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

29. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | *बृहद् बैंक* | | *उत्पत्ति का देश* |
|---|---|---|---|
| 1. | ए.बी.एन. ऐम्रो बैंक | : | यू.एस.ए. |
| 2. | बारक्लेज़ बैंक | : | यू.के. |
| 3. | कूकमिन बैंक | : | जापान |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा/से सही सुमेलित है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2

(d) 2 और 3

30. निम्नलिखित देशों में से किसके पास दुनिया का सबसे बड़ा यूरेनियम भंडार (रिज़र्व) है ?

(a) आस्ट्रेलिया

(b) कनाडा

(c) रशियन फ़ेडरेशन

(d) यू.एस.ए.

31. एलिफ़ैंट पास, जिसकी चर्चा प्रायः समाचारों में होती है, निम्नलिखित में से किस एक के मामलों के संदर्भ में चर्चित है ?

(a) बांग्लादेश

(b) भारत

(c) नेपाल

(d) श्री लंका

32. Consider the following countries :

1. Brunei Darussalam
2. East Timor
3. Laos

Which of the above is/are member/members of ASEAN ?

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

33. Consider the following countries :

1. Switzerland
2. Malta
3. Bulgaria

Which of the above are members of European Union ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

34. Consider the following countries :

1. Australia
2. Namibia
3. Brazil
4. Chile

Through which of the above does the Tropic of Capricorn pass ?

(a) 1 only
(b) 2, 3 and 4
(c) 1, 2 and 3
(d) 1, 2, 3 and 4

35. In the structure of planet Earth, below the mantle, the core is mainly made up of which one of the following ?

(a) Aluminium
(b) Chromium
(c) Iron
(d) Silicon

36. Which one of the following pairs is ***not*** correctly matched ?

| | *City* | | *River* |
|---|---|---|---|
| (a) | Berlin | : | Rhine |
| (b) | London | : | Thames |
| (c) | New York | : | Hudson |
| (d) | Vienna | : | Danube |

37. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I (Famous Temple)* | *List II (State)* |
|---|---|
| A. Vidyashankara temple | 1. Andhra Pradesh |
| B. Rajarani temple | 2. Karnataka |
| C. Kandariya Mahadeo temple | 3. Madhya Pradesh |
| D. Bhimesvara temple | 4. Orissa |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |

32. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए :

1. ब्रुनेई दारुस्सलाम
2. ईस्ट तिमोर
3. लाओस

उपर्युक्त में से कौन आसियान (ASEAN) का/के सदस्य है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

33. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए :

1. स्विट्ज़रलैंड
2. माल्टा
3. बुल्गारिया

उपर्युक्त में से कौनसे यूरोपियन यूनियन के सदस्य हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

34. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए :

1. आस्ट्रेलिया
2. नामिबिया
3. ब्राज़ील
4. चिली

उपर्युक्त में से किन-किन से होकर मकर रेखा गुज़रती है ?

(a) केवल 1
(b) 2, 3 और 4
(c) 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

35. पृथ्वी ग्रह की संरचना में, प्रावार (मैंटल) के नीचे, क्रोड निम्नलिखित में से किस एक से बना है ?

(a) ऐलुमिनियम
(b) क्रोमियम
(c) लोह
(d) सिलिकॉन

36. निम्नलिखित युग्मों में से कौनसा एक, सही सुमेलित *नहीं* है ?

| | *नगर* | | *नदी* |
|---|---|---|---|
| (a) | बर्लिन | : | राइन |
| (b) | लन्दन | : | टेम्स |
| (c) | न्यू यॉर्क | : | हडसन |
| (d) | वियना | : | डेन्यूब |

37. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (प्रसिद्ध मंदिर)* | *सूची II (राज्य)* |
|---|---|
| A. विद्याशंकर मंदिर | 1. आन्ध्र प्रदेश |
| B. राजरानी मंदिर | 2. कर्नाटक |
| C. कंदरीय महादेव मंदिर | 3. मध्य प्रदेश |
| D. भीमेश्वर मंदिर | 4. उड़ीसा |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |

38. Consider the following statements :

1. In the world, the tropical deserts occur along the western margins of continents within the trade wind belt.

2. In India, the East Himalayan region gets high rainfall from north-east winds.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

39. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I (Geographic feature)* | *List II (Country)* |
|---|---|
| A. Great Victoria Desert | 1. Australia |
| B. Grand Canyon | 2. Canada |
| C. Lake Winnipeg | 3. New Zealand |
| D. Southern Alps | 4. USA |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

40. Consider the following statements :

1. Between Census 1951 and Census 2001, the density of the population of India has increased more than three times.

2. Between Census 1951 and Census 2001, the annual growth rate (exponential) of the population of India has doubled.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

41. Which one of the following rivers does *not* originate in India ?

(a) Beas

(b) Chenab

(c) Ravi

(d) Sutlej

42. Cape Canaveral, the site from which space shuttles are launched is located on the coast of

(a) Florida

(b) Virginia

(c) North Carolina

(d) South Carolina

43. At which one of the following places do two important rivers of India originate; while one of them flows towards north and merges with another important river flowing towards Bay of Bengal, the other one flows towards Arabian Sea ?

(a) Amarkantak

(b) Badrinath

(c) Mahabaleshwar

(d) Nasik

38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. विश्व में, उष्णकटिबन्धीय मरुस्थल महाद्वीपों के पश्चिमी सीमांतों में व्यापारिक पवन पट्टी में पाए जाते हैं ।

2. भारत में, पूर्वी हिमालय क्षेत्र उत्तर-पूर्वी पवनों से अधिक वर्षा प्राप्त करता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

39. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (भौगोलिक स्वरूप)* | *सूची II (देश)* |
|---|---|
| A. ग्रेट विक्टोरिया मरुस्थल | 1. आस्ट्रेलिया |
| B. ग्रैंड कैन्यन | 2. कनाडा |
| C. लेक विनीपेग | 3. न्यू ज़ीलैंड |
| D. दक्षिणी आल्प्स | 4. यू.एस.ए. |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के जनसंख्या घनत्व में 1951 जनगणना तथा 2001 जनगणना के बीच तीन गुना से अधिक वृद्धि हुई है ।

2. भारत की जनसंख्या की वार्षिक वृद्धि दर (चरघातांकी) 1951 जनगणना तथा 2001 जनगणना के बीच दुगुनी हुई है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

41. निम्नलिखित में से किस नदी का उद्गम-स्थल भारत में ***नहीं*** है ?

(a) ब्यास

(b) चिनाब

(c) रावी

(d) सतलज

42. केप केनावेरल, जिस स्थल से अन्तरिक्ष यान (स्पेस शटल) छोड़े जाते हैं, किस तट पर अवस्थित है ?

(a) फ़्लोरिडा

(b) वर्जिनिया

(c) उत्तरी कैरोलिना

(d) दक्षिणी कैरोलिना

43. निम्नलिखित में से किस एक स्थान से भारत की दो महत्त्वपूर्ण नदियों का उद्गम होता है, जिनमें एक उत्तर की तरफ प्रवाहित होकर बंगाल की खाड़ी की तरफ प्रवाहित होने वाली दूसरी महत्त्वपूर्ण नदी में मिलती है और दूसरी अरब सागर की तरफ प्रवाहित होती है ?

(a) अमरकंटक

(b) बद्रीनाथ

(c) महाबलेश्वर

(d) नासिक

44. Who of the following scientists proved that the stars with mass less than 1·44 times the mass of the Sun end up as White Dwarfs when they die ?

(a) Edwin Hubble

(b) S. Chandrashekhar

(c) Stephen Hawking

(d) Steven Weinberg

45. Which one of the following brings out the publication called "Energy Statistics" from time to time ?

(a) Central Power Research Institute

(b) Planning Commission

(c) Power Finance Corporation Ltd.

(d) Central Statistical Organization

46. Consider the following statements :

1. India does not have any deposits of Thorium.

2. Kerala's monazite sands contain Uranium.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

47. Which one among the following South Asian countries has the highest population density ?

(a) India

(b) Nepal

(c) Pakistan

(d) Sri Lanka

48. Consider the following statements :

1. The discussions in the Third Round Table Conference eventually led to the passing of the Government of India Act of 1935.

2. The Government of India Act of 1935 provided for the establishment of an All India Federation to be based on a Union of the provinces of British India and the Princely States.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

49. Consider the following :

1. Fringe Benefit Tax

2. Interest Tax

3. Securities Transaction Tax

Which of the above is/are Direct Tax/Taxes ?

(a) 1 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

50. In India, who is the Chairman of the National Water Resources Council ?

(a) Prime Minister

(b) Minister of Water Resources

(c) Minister of Environment and Forests

(d) Minister of Science and Technology

44. निम्नलिखित वैज्ञानिकों में से किसने यह सिद्ध किया कि सूर्य के द्रव्यमान से 1·44 गुना कम द्रव्यमान वाले तारे मृत होकर श्वेत वामन तारे (ह्वाइट ड्वार्फ़्स) बन जाते हैं ?

(a) एडविन हबल

(b) एस. चन्द्रशेखर

(c) स्टीफ़ेन हॉकिंग

(d) स्टीवेन वीनबर्ग

45. निम्नलिखित में से कौन एक, "इनर्जी स्टैटिस्टिक्स" नामक प्रकाशन को समय-समय पर निकालता है ?

(a) केन्द्रीय विद्युत् अनुसंधान संस्थान (सेंट्रल पॉवर रिसर्च इंस्टिट्यूट)

(b) योजना आयोग (प्लानिंग कमीशन)

(c) विद्युत् वित्त निगम लिमिटेड (पॉवर फाइनैंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड)

(d) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन (सेंट्रल स्टैटिस्टिकल ऑर्गनाइज़ेशन)

46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत में थोरियम के कोई निक्षेप नहीं हैं ।
2. केरल की मोनाज़ाइट बालुका में यूरेनियम होता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

47. निम्नलिखित दक्षिण एशियाई देशों में से किस एक का अधिकतम जनसंख्या घनत्व है ?

(a) भारत

(b) नेपाल

(c) पाकिस्तान

(d) श्री लंका

48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. तृतीय गोल मेज़ सम्मेलन के विचार-विमर्श की परिणति भारत सरकार अधिनियम 1935 के पारित होने के रूप में हुई ।
2. भारत सरकार अधिनियम 1935 ने ब्रिटिश भारत के सूबों और भारतीय रियासतों के एक संघ पर आधारित आल इण्डिया फ़ेडरेशन के गठन का उपबन्ध किया ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

49. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. अनुषंगी लाभ कर
2. ब्याज कर
3. प्रतिभूति लेन-देन कर

उपर्युक्त में से कौनसा/से प्रत्यक्ष कर है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

50. भारत में, राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद् का अध्यक्ष कौन है ?

(a) प्रधान मंत्री

(b) जल संसाधन मंत्री

(c) पर्यावरण एवं वन मंत्री

(d) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री

51. Consider the following statements :

1. There are no east flowing rivers in Kerala.
2. There are no west flowing rivers in Madhya Pradesh.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

52. In collaboration with David Hare and Alexander Duff, who of the following established Hindu College at Calcutta ?

(a) Henry Louis Vivian Derozio
(b) Ishwar Chandra Vidyasagar
(c) Keshab Chandra Sen
(d) Raja Rammohan Roy

53. Who of the following Prime Ministers sent Cripps Mission to India ?

(a) James Ramsay MacDonald
(b) Stanley Baldwin
(c) Neville Chamberlain
(d) Winston Churchill

54. Who of the following is the author of a collection of poems called "Golden Threshold" ?

(a) Aruna Asaf Ali
(b) Annie Besant
(c) Sarojini Naidu
(d) Vijayalakshmi Pandit

55. During the Indian Freedom Struggle, why did Rowlatt Act arouse popular indignation ?

(a) It curtailed the freedom of religion
(b) It suppressed the Indian traditional education
(c) It authorized the government to imprison people without trial
(d) It curbed the trade union activities

56. Which one of the following began with the Dandi March ?

(a) Home Rule Movement
(b) Non-Cooperation Movement
(c) Civil Disobedience Movement
(d) Quit India Movement

57. Anekāntavāda is a core theory and philosophy of which one of the following ?

(a) Buddhism
(b) Jainism
(c) Sikhism
(d) Vaishnavism

58. With which one of the following movements is the slogan "Do or die" associated ?

(a) Swadeshi Movement
(b) Non-Cooperation Movement
(c) Civil Disobedience Movement
(d) Quit India Movement

59. Who of the following founded the Ahmedabad Textile Labour Association ?

(a) Mahatma Gandhi
(b) Sardar Vallabhbhai Patel
(c) N.M. Joshi
(d) J.B. Kripalani

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. केरल में पूर्व की ओर प्रवाहित होने वाली नदियाँ नहीं हैं ।
2. मध्य प्रदेश में पश्चिम की ओर प्रवाहित होने वाली नदियाँ नहीं हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

52. डेविड हेयर और एलेक्ज़ेंडर डफ़ के साथ मिलकर निम्नलिखित में से किसने कलकत्ता में हिन्दू कॉलेज की स्थापना की ?

(a) हेनरी लुइस विवियन डेरोज़िओ

(b) ईश्वर चन्द्र विद्यासागर

(c) केशब चन्द्र सेन

(d) राजा राममोहन रॉय

53. निम्नलिखित प्रधान मंत्रियों में से किसने भारत में क्रिप्स मिशन भेजा ?

(a) जेम्स राम्से मैक्डोनल्ड

(b) स्टैनली बॉल्डविन

(c) नेविल चेम्बरलेन

(d) विन्स्टन चर्चिल

54. "गोल्डन थ्रेशहोल्ड" नामक कविता-संग्रह की रचयिता निम्नलिखित में से कौन है ?

(a) अरुणा आसफ़ अली

(b) एनी बेसेन्ट

(c) सरोजिनी नायडू

(d) विजयलक्ष्मी पंडित

55. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, रौलेट ऐक्ट ने किस कारण से सार्वजनिक रोष उत्पन्न किया ?

(a) इसने धर्म की स्वतंत्रता को कम किया

(b) इसने भारतीय परम्परागत शिक्षा को दबाया

(c) इसने लोगों को बिना मुकदमा चलाए जेल भेजने के लिए अधिकृत किया

(d) इसने श्रमिक संघ (ट्रेड यूनियन) की गतिविधियों को नियंत्रित किया

56. डांडी यात्रा के साथ निम्नलिखित में से क्या प्रारंभ हुआ ?

(a) होम रूल आन्दोलन

(b) असहयोग आन्दोलन

(c) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

(d) भारत छोड़ो आन्दोलन

57. अनेकान्तवाद निम्नलिखित में से किसका क्रोड सिद्धान्त एवं दर्शन है ?

(a) बौद्ध मत

(b) जैन मत

(c) सिख मत

(d) वैष्णव मत

58. "करो या मरो" नारा निम्नलिखित आन्दोलनों में से किसके साथ सम्बन्धित है ?

(a) स्वदेशी आन्दोलन

(b) असहयोग आन्दोलन

(c) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

(d) भारत छोड़ो आन्दोलन

59. निम्नलिखित में से किसने अहमदाबाद टेक्सटाइल लेबर एसोसियेशन की स्थापना की ?

(a) महात्मा गांधी

(b) सरदार वल्लभभाई पटेल

(c) एन.एम. जोशी

(d) जे.बी. कृपलानी

60. In the context of the Indian freedom struggle, 16th October 1905 is well known for which one of the following reasons ?

(a) The formal proclamation of Swadeshi Movement was made in Calcutta town hall

(b) Partition of Bengal took effect

(c) Dadabhai Naoroji declared that the goal of Indian National Congress was Swaraj

(d) Lokmanya Tilak started Swadeshi Movement in Poona

61. In the 'Individual Satyagraha', Vinoba Bhave was chosen as the first Satyagrahi. Who was the second ?

(a) Dr. Rajendra Prasad

(b) Pandit Jawaharlal Nehru

(c) C. Rajagopalachari

(d) Sardar Vallabhbhai Patel

62. Consider the following statements :

The Cripps Proposals include the provision for

1. Full independence for India.

2. Creation of Constitution-making body.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

63. During the freedom struggle, Aruna Asaf Ali was a major woman organizer of underground activity in

(a) Civil Disobedience Movement

(b) Non-Cooperation Movement

(c) Quit India Movement

(d) Swadeshi Movement

64. With whose permission did the English set up their first factory in Surat ?

(a) Akbar

(b) Jahangir

(c) Shahjahan

(d) Aurangzeb

65. In a dry cell (battery), which of the following are used as electrolytes ?

(a) Ammonium chloride and Zinc chloride

(b) Sodium chloride and Calcium chloride

(c) Magnesium chloride and Zinc chloride

(d) Ammonium chloride and Calcium chloride

66. Which one of the following planets has largest number of natural satellites or moons ?

(a) Jupiter

(b) Mars

(c) Saturn

(d) Venus

67. Consider the following statements :

1. Sweet orange plant is propagated by grafting technique.

2. Jasmine plant is propagated by layering technique.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

60. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के संदर्भ में, 16 अक्टूबर 1905 निम्नलिखित कारणों में से किसके लिए प्रसिद्ध है ?

(a) कलकत्ता के टाउन हॉल में स्वदेशी आन्दोलन की औपचारिक घोषणा की गई थी

(b) बंगाल का विभाजन हुआ

(c) दादाभाई नौरोजी ने घोषणा की कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का लक्ष्य स्वराज है

(d) लोकमान्य तिलक ने पूना में स्वदेशी आन्दोलन प्रारंभ किया

61. 'व्यक्तिगत सत्याग्रह' में विनोबा भावे को प्रथम सत्याग्रही चुना गया था । दूसरा कौन था ?

(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(b) पंडित जवाहरलाल नेहरू

(c) सी. राजगोपालाचारी

(d) सरदार वल्लभभाई पटेल

62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

क्रिप्स प्रस्तावों में प्रावधान सम्मिलित हैं

1. भारत की पूर्ण स्वतंत्रता के लिए ।

2. संविधान-निर्मात्री निकाय की रचना के लिए ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

63. स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, अरुणा आसफ़ अली किस भूमिगत क्रियाकलाप की प्रमुख महिला संगठक थीं ?

(a) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

(b) असहयोग आन्दोलन

(c) भारत छोड़ो आन्दोलन

(d) स्वदेशी आन्दोलन

64. अंग्रेज़ों ने सूरत में अपनी पहली फ़ैक्टरी किसकी अनुमति से स्थापित की थी ?

(a) अकबर

(b) जहाँगीर

(c) शाहजहाँ

(d) औरंगज़ेब

65. शुष्क सेल (बैटरी) में, निम्नलिखित में से किनका विद्युत्-अपघट्यों के रूप में प्रयोग होता है ?

(a) अमोनियम क्लोराइड और ज़िंक क्लोराइड

(b) सोडियम क्लोराइड और कैल्सियम क्लोराइड

(c) मैग्नीशियम क्लोराइड और ज़िंक क्लोराइड

(d) अमोनियम क्लोराइड और कैल्सियम क्लोराइड

66. निम्नलिखित में से कौनसे ग्रह के सर्वाधिक प्राकृतिक उपग्रह अथवा चन्द्र हैं ?

(a) बृहस्पति

(b) मंगल

(c) शनि

(d) शुक्र

67. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. मुसम्बी के पौधे का प्रवर्धन कलमबन्ध तकनीक द्वारा होता है ।

2. चमेली के पौधे का प्रवर्धन दाब तकनीक द्वारा होता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

68. Which one of the following types of waves are used in a night vision apparatus ?

(a) Radio waves

(b) Microwaves

(c) Infra-red waves

(d) None of the above

69. In the context of genetic disorders, consider the following :

A woman suffers from colour blindness while her husband does not suffer from it. They have a son and a daughter. In this context, which one of the following statements is most probably correct ?

(a) Both children suffer from colour blindness.

(b) Daughter suffers from colour blindness while son does not suffer from it.

(c) Both children do not suffer from colour blindness.

(d) Son suffers from colour blindness while daughter does not suffer from it.

70. A person travels 12 km due North, then 15 km due East, after that 15 km due West and then 18 km due South. How far is he from the starting point ?

(a) 6 km

(b) 12 km

(c) 33 km

(d) 60 km

71. Six persons A, B, C, D, E and F are standing in a row. C and D are standing close to each other alongside E. B is standing beside A only. A is fourth from F. Who are standing on the extremes ?

(a) A and F

(b) B and D

(c) B and F

(d) None of the above

72. Which one of the following is used as an explosive ?

(a) Phosphorus trichloride

(b) Mercuric oxide

(c) Graphite

(d) Nitroglycerine

73. Consider the following :

1. Camphor

2. Chicory

3. Vanilla

Which of the above is/are plant product(s) ?

(a) 1 and 2 only

(b) 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

74. In the context of Indian wild life, the flying fox is a

(a) Bat

(b) Kite

(c) Stork

(d) Vulture

75. During which Five Year Plan was the Emergency clamped, new elections took place and the Janata Party was elected ?

(a) Third

(b) Fourth

(c) Fifth

(d) Sixth

68. निम्नलिखित में से किस एक प्रकार की तरंगों का प्रयोग रात्रि दृष्टि उपकरण में किया जाता है ?

(a) रेडियो तरंग
(b) सूक्ष्म तरंग
(c) अवरक्त तरंग
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

69. आनुवंशिक विकारों के संदर्भ में, निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

एक महिला वर्णान्ध है पर उसका पति वर्णान्ध नहीं है । इनके एक पुत्र और एक पुत्री है । इस संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौनसे एक कथन के सही होने की सर्वाधिक संभावना है ?

(a) दोनों संतान वर्णान्धता से ग्रस्त हैं ।
(b) पुत्री वर्णान्ध है किन्तु पुत्र वर्णान्ध नहीं है ।
(c) दोनों संतान वर्णान्ध नहीं हैं ।
(d) पुत्र वर्णान्ध है किन्तु पुत्री वर्णान्ध नहीं है ।

70. एक व्यक्ति 12 किमी उत्तर की ओर चलता है, फिर 15 किमी पूर्व की ओर, उसके बाद 15 किमी पश्चिम की ओर, और फिर 18 किमी दक्षिण की ओर चलता है । आरंभिक स्थल से वह कितनी दूरी पर है ?

(a) 6 किमी
(b) 12 किमी
(c) 33 किमी
(d) 60 किमी

71. छः व्यक्ति A, B, C, D, E और F एक कतार में खड़े हैं । C और D एक दूसरे के सन्निकट E के बगल में खड़े हैं । B केवल A के बगल में ही खड़ा है । A का F से चौथा स्थान है । इस कतार के दोनों अंतिम छोरों पर कौन-कौन खड़े हैं ?

(a) A और F
(b) B और D
(c) B और F
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. निम्नलिखित में से किस एक को विस्फोटक की तरह से प्रयोग किया जाता है ?

(a) फ़ॉस्फ़ोरस ट्राइक्लोराइड
(b) मरक्यूरिक ऑक्साइड
(c) ग्रैफ़ाइट
(d) नाइट्रोग्लिसरीन

73. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. कपूर
2. कासनी (चिकोरी)
3. वनीला

उपर्युक्त में से कौन सा/से पादप उत्पाद है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

74. भारतीय वन्य जीवन के संदर्भ में, उड्डयन वल्गुल (फ्लाइंग, फ़ॉक्स) निम्नलिखित में से क्या है ?

(a) चमगादड़
(b) चील
(c) बलाक
(d) गिद्ध

75. किस पंचवर्षीय योजना के दौरान आपातकाल लगाया गया था, नए चुनाव हुए थे और जनता पार्टी चुनी गई थी ?

(a) तीसरी
(b) चौथी
(c) पाँचवीं
(d) छठी

76. Consider the following statements :

1. Infant mortality rate takes into account the death of infants within a month after birth.

2. Infant mortality rate is the number of infant deaths in a particular year per 100 live births during that year.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

77. If a Panchayat is dissolved, elections are to be held within

(a) 1 month

(b) 3 months

(c) 6 months

(d) 1 year

78. Consider the following statements :

1. The Governor of Punjab is concurrently the Administrator of Chandigarh.

2. The Governor of Kerala is concurrently the Administrator of Lakshadweep.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

79. Consider the following pairs :

| | *Organization* | | *Location of Headquarters* |
|---|---|---|---|
| 1. | Asian Development Bank | : | Tokyo |
| 2. | Asia-Pacific Economic Cooperation | : | Singapore |
| 3. | Association of South East Asian Nations | : | Bangkok |

Which of the above pairs is/are correctly matched ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 3 only

80. With reference to the United Nations, consider the following statements :

1. The Economic and Social Council (ECOSOC) of UN consists of 24 member States.

2. It is elected by a $2/3^{rd}$ majority of the General Assembly for a 3-year term.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

81. In which one of the following places is the Shompen tribe found ?

(a) Nilgiri Hills

(b) Nicobar Islands

(c) Spiti Valley

(d) Lakshadweep Islands

76. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. शिशु मृत्यु-दर जन्म से एक महीने के अन्दर होने वाली शिशु मृत्यु का आकलन करती है ।
2. शिशु मृत्यु-दर किसी वर्ष में प्रति 100 जीवित जन्मों पर उसी वर्ष में मृत शिशुओं की संख्या है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

77. यदि पंचायत भंग होती है, तो किस अवधि के अन्दर निर्वाचन होंगे ?

(a) 1 माह
(b) 3 माह
(c) 6 माह
(d) 1 वर्ष

78. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. पंजाब का राज्यपाल अपने दायित्व के साथ-साथ चंडीगढ़ का प्रशासक भी होता है ।
2. केरल का राज्यपाल अपने दायित्व के साथ-साथ लक्षद्वीप का प्रशासक भी होता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

79. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | *संगठन* | | *मुख्यालय* |
|---|---|---|---|
| 1. | एशियाई विकास बैंक | : | टोक्यो |
| 2. | एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग | : | सिंगापुर |
| 3. | दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र-संघ | : | बैंकाक |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा/से सही सुमेलित है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 3

80. संयुक्त राष्ट्र के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक एवं सामाजिक परिषद् (ECOSOC) में 24 सदस्य-राज्य होते हैं ।
2. इसका निर्वाचन तीन वर्ष की अवधि के लिए महासभा के दो-तिहाई बहुमत से होता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

81. निम्नलिखित स्थानों में से कहाँ शोम्पेन जनजाति पाई जाती है ?

(a) नीलगिरि पहाड़ियाँ
(b) निकोबार द्वीपसमूह
(c) स्पिति घाटी
(d) लक्षद्वीप द्वीपसमूह

82. Consider the following statements :

1. The Advocate General of a State in India is appointed by the President of India upon the recommendation of the Governor of the concerned State.

2. As provided in Civil Procedure Code, High Courts have original, appellate and advisory jurisdiction at the State level.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

83. In India, the first Municipal Corporation was set up in which one among the following ?

(a) Calcutta

(b) Madras

(c) Bombay

(d) Delhi

84. With reference to Lok Adalats, consider the following statements :

1. An award made by a Lok Adalat is deemed to be a decree of a civil court and no appeal lies against thereto before any court.

2. Matrimonial/Family disputes are not covered under Lok Adalat.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

85. With reference to Union Government, consider the following statements :

1. The Constitution of India provides that all Cabinet Ministers shall be compulsorily the sitting members of Lok Sabha only.

2. The Union Cabinet Secretariat operates under the direction of the Ministry of Parliamentary Affairs.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

86. Which one of the following Constitutional Amendments states that the total number of Ministers, including the Prime Minister, in the Council of Ministers shall not exceed fifteen percent of the total number of members of the House of the People ?

(a) $90^{th}$

(b) $91^{st}$

(c) $92^{nd}$

(d) $93^{rd}$

87. Consider the following statements :

1. Central Administrative Tribunal (CAT) was set up during the Prime Ministership of Lal Bahadur Shastri.

2. The Members for CAT are drawn from both judicial and administrative streams.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

82. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत में राज्य के महाधिवक्ता की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा सम्बन्धित राज्य के राज्यपाल की अनुशंसा पर की जाती है ।
2. सिविल प्रक्रिया संहिता के उपबंधों के अनुसार राज्य-स्तर पर उच्च न्यायालयों की मूल, अपीलीय तथा सलाहकारी अधिकारिता होती है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

83. निम्नलिखित में से भारत में पहला नगर निगम कहाँ स्थापित हुआ था ?

(a) कलकत्ता
(b) मद्रास
(c) बम्बई
(d) दिल्ली

84. लोक अदालतों के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. एक लोक अदालत द्वारा किया गया अधिनिर्णय सिविल न्यायालय का आदेश (डिक्री) मान लिया जाता है और इसके विरुद्ध किसी न्यायालय में अपील नहीं होती ।
2. विवाह-सम्बन्धी/पारिवारिक विवाद लोक अदालत में सम्मिलित नहीं होते हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

85. केन्द्रीय सरकार के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के संविधान में उपबंध है कि समस्त कैबिनेट मंत्री अनिवार्य रूप से केवल लोक सभा के ही आसीन सदस्य होंगे ।
2. केन्द्रीय कैबिनेट सचिवालय संसदीय कार्य मंत्रालय के निदेशाधीन कार्य करता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

86. निम्नलिखित संविधान संशोधनों में से कौनसा एक, बताता है कि मंत्रिमण्डल में कुल मंत्रियों की संख्या, प्रधान मंत्री को सम्मिलित करते हुए लोक सभा के सदस्यों की कुल संख्या के पन्द्रह प्रतिशत से अधिक नहीं होगी ?

(a) 90वाँ
(b) 91वाँ
(c) 92वाँ
(d) 93वाँ

87. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (CAT) लाल बहादुर शास्त्री के प्रधान मंत्री रहने के काल में गठित हुआ था ।
2. CAT के सदस्य न्यायिक तथा प्रशासनिक दोनों क्षेत्रों से लिए जाते हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

88. With reference to Union Government, consider the following statements :

1. The number of Ministries at the Centre on 15th August 1947 was 18.
2. The number of Ministries at the Centre at present is 36.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

89. Consider the following statements :

1. The first telegraph line in India was laid between Kolkata (formerly Calcutta) and Diamond Harbour.
2. The first Export Processing Zone in India was set up in Kandla.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

90. Which one of the following Union Ministries implements the Cartagena Protocol on Biosafety ?

(a) Ministry of Science and Technology
(b) Ministry of Health and Family Welfare
(c) Ministry of Environment and Forests
(d) Ministry of Chemicals and Fertilizers

91. Where is the headquarters of Animal Welfare Board of India located ?

(a) Ahmedabad
(b) Chennai
(c) Hyderabad
(d) Kolkata

92. Consider the following statements regarding Indian Planning :

1. The Second Five-Year Plan emphasised on the establishment of heavy industries.
2. The Third Five-Year Plan introduced the concept of import substitution as a strategy for industrialisation.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

93. Consider the following statements :

1. The National School of Drama was set up by Sangeet Natak Akademi in 1959.
2. The highest honour conferred by the Sahitya Akademi on a writer is by electing him its Fellow.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

94. With reference to Union Government, consider the following statements :

1. The Ministries/Departments of the Government of India are created by the Prime Minister on the advice of the Cabinet Secretary.
2. Each of the Ministries is assigned to a Minister by the President of India on the advice of the Prime Minister.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

88. केन्द्रीय सरकार के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 15 अगस्त 1947 को केन्द्र में मंत्रालयों की संख्या 18 थी ।
2. वर्तमान में केन्द्र में मंत्रालयों की संख्या 36 है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

89. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत में पहली टेलीग्राफ लाइन कोलकाता (पूर्व का कलकत्ता) और डायमन्ड हार्बर के बीच डाली गई थी ।
2. भारत में पहला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (एक्सपोर्ट प्रॉसेसिंग ज़ोन) कांडला में स्थापित किया गया था ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

90. जैव-सुरक्षा (बायो-सेफ्टी) का कार्टाजेना प्रोटोकॉल निम्नलिखित केन्द्रीय मंत्रालयों में से कौन कार्यान्वित करता है ?

(a) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(b) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
(c) पर्यावरण एवं वन मंत्रालय
(d) रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

91. भारत के एनिमल वेलफेयर बोर्ड का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

(a) अहमदाबाद
(b) चेन्नई
(c) हैदराबाद
(d) कोलकाता

92. भारतीय योजना के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. द्वितीय पंचवर्षीय योजना ने भारी उद्योगों की स्थापना पर बल दिया ।
2. तृतीय पंचवर्षीय योजना ने औद्योगीकरण की रणनीति के रूप में आयात-प्रतिस्थापन की अवधारणा को प्रारंभ किया ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

93. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संगीत नाटक अकादेमी द्वारा 1959 में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा की स्थापना की गई ।
2. साहित्य अकादेमी द्वारा किसी लेखक को जो सर्वोत्कृष्ट सम्मान प्रदान किया जाता है वह उसे अपना फेलो चुनने के रूप में होता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

94. संघ सरकार के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कैबिनेट सचिव की सलाह पर प्रधान मंत्री द्वारा भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों का सृजन किया जाता है ।
2. हर एक मंत्रालय को प्रधान मंत्री की सलाह पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा किसी मंत्री को प्रदान किया जाता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

95. A person has 4 coins each of different denomination. What is the number of different sums of money the person can form (using one or more coins at a time) ?

(a) 16

(b) 15

(c) 12

(d) 11

96. How many numbers lie between 300 and 500 in which 4 comes only one time ?

(a) 99

(b) 100

(c) 110

(d) 120

97. How many letters of the English alphabet (capitals) appear same when looked at in a mirror ?

(a) 9

(b) 10

(c) 11

(d) 12

98. How many three-digit numbers can be generated from 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 such that the digits are in ascending order ?

(a) 80

(b) 81

(c) 83

(d) 84

99. There are four persons A, B, C, D; and A has some coins. A gave half of the coins to B and 4 more besides. B gave half of the coins to C and 4 more besides. C gave half of the coins to D and 4 more besides. Both B and D end up with same number of coins. How many coins did A have originally ?

(a) 96

(b) 84

(c) 72

(d) 64

100. While adding the first few continuous natural numbers, a candidate missed one of the numbers and wrote the answer as 177. What was the number missed ?

(a) 11

(b) 12

(c) 13

(d) 14

101. Four metal rods of lengths 78 cm, 104 cm, 117 cm and 169 cm are to be cut into parts of equal length. Each part must be as long as possible. What is the maximum number of pieces that can be cut ?

(a) 27

(b) 36

(c) 43

(d) 480

102. In an examination, there are three subjects A, B and C. A student has to pass in each subject. 20% students failed in A, 22% students failed in B and 16% failed in C. The total number of students passing the whole examination lies between

(a) 42% and 84%

(b) 42% and 78%

(c) 58% and 78%

(d) 58% and 84%

103. There is a family of 6 persons A, B, C, D, E and F. There are two married couples in the family. The family members are lawyer, teacher, salesman, engineer, accountant and doctor. D, the salesman is married to the lady teacher. The doctor is married to the lawyer. F, the accountant is the son of B and brother of E. C, the lawyer is the daughter-in-law of A. E is the unmarried engineer. A is the grandmother of F. How is E related to F ?

(a) Brother

(b) Sister

(c) Father

(d) Cannot be established (cannot be determined)

95. एक व्यक्ति के पास 4 भिन्न अंकित मूल्य के सिक्के हैं । उनसे कितनी विभिन्न राशियाँ बनाई जा सकती हैं (एक समय में एक अथवा अधिक सिक्कों का उपयोग करके) ?

(a) 16

(b) 15

(c) 12

(d) 11

96. 300 तथा 500 के बीच कितनी ऐसी संख्याएँ होंगी जिनमें 4 केवल एक बार आए ?

(a) 99

(b) 100

(c) 110

(d) 120

97. अंग्रेज़ी वर्णमाला के कितने अक्षर (बड़े अक्षर) दर्पण में देखने पर समान दिखते हैं ?

(a) 9

(b) 10

(c) 11

(d) 12

98. अंक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 से तीन अंकों की कितनी ऐसी संख्याएँ, जिनके अंक आरोही क्रम में हों, बनाई जा सकती हैं ?

(a) 80

(b) 81

(c) 83

(d) 84

99. A, B, C, D चार व्यक्ति हैं और A के पास कुछ सिक्के हैं । A उनमें से आधे तथा 4 अतिरिक्त सिक्के B को देता है । B उनमें से आधे तथा 4 अतिरिक्त सिक्के C को देता है । C उनमें से आधे तथा 4 अतिरिक्त सिक्के D को देता है । अन्त में B तथा D के पास सिक्कों की संख्या समान रहती है । आरंभ में A के पास कितने सिक्के थे ?

(a) 96

(b) 84

(c) 72

(d) 64

100. एक अभ्यर्थी प्रथम कुछ संतत धन पूर्णांकों का योग करते हुए, एक संख्या चूक जाता है और उत्तर 177 लिखता है । चूकी हुई संख्या क्या थी ?

(a) 11

(b) 12

(c) 13

(d) 14

101. 78 सेमी, 104 सेमी, 117 सेमी तथा 169 सेमी लम्बाई की धातु की चार छड़ों को समान लम्बाई के टुकड़ों में काटा जाना है । प्रत्येक भाग की लम्बाई यथासंभव अधिकतम होनी चाहिए । काटे गए टुकड़ों की अधिकतम संख्या क्या होगी ?

(a) 27

(b) 36

(c) 43

(d) 480

102. किसी परीक्षा में, A, B तथा C तीन विषय हैं । एक छात्र को प्रत्येक विषय में उत्तीर्ण होना आवश्यक है । 20% छात्र विषय A में, 22% छात्र विषय B में तथा 16% छात्र विषय C में अनुत्तीर्ण होते हैं । संपूर्ण परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले कुल छात्रों की संख्या

(a) 42% तथा 84% के बीच है

(b) 42% तथा 78% के बीच है

(c) 58% तथा 78% के बीच है

(d) 58% तथा 84% के बीच है

103. एक परिवार में 6 सदस्य A, B, C, D, E तथा F हैं । परिवार में दो विवाहित दंपति हैं । परिवार के सदस्य वकील, अध्यापक, विक्रेता, इंजीनियर, लेखाकार और चिकित्सक हैं । विक्रेता D, अध्यापक महिला से विवाहित है । चिकित्सक वकील से विवाहित है । लेखाकार F, B का पुत्र तथा E का भाई है । वकील C, A की पुत्र-वधू है । E अविवाहित इंजीनियर है । A, F की दादी है । E का F से क्या सम्बन्ध है ?

(a) भाई

(b) बहन

(c) पिता

(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**104.** How many times are an hour hand and a minute hand of a clock at right angles during their motion from 1.00 p.m. to 10.00 p.m. ?

(a) 9

(b) 10

(c) 18

(d) 20

**105.** There are 240 balls and n number of boxes $B_1$, $B_2$, $B_3$, ..., $B_n$. The balls are to be placed in the boxes such that $B_1$ should contain 4 balls more than $B_2$, $B_2$ should contain 4 balls more than $B_3$, and so on. Which one of the following ***cannot*** be the possible value of n ?

(a) 4

(b) 5

(c) 6

(d) 7

**106.** In a carrom board game competition, m boys and n girls (m > n > 1) of a school participate in which every student has to play exactly one game with every other student. Out of the total games played, it was found that in 221 games one player was a boy and the other player was a girl.

Consider the following statements :

1. The total number of students that participated in the competition is 30.
2. The number of games in which both players were girls is 78.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**107.** There are three cans A, B and C. The capacities of A, B and C are 6 litres, 10 litres and 16 litres respectively. The can C contains 16 litres of milk. The milk has to be divided in them using these three cans only.

Consider the following statements :

1. It is possible to have 6 litres of milk each in can A and can B.
2. It is possible to have 8 litres of milk each in can B and can C.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**108.** Consider the following pairs :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Ashok Leyland | : | Hinduja Group |
| 2. | Hindalco Industries | : | A.V. Birla Group |
| 3. | Suzlon Energy | : | Punj Lloyd Group |

Which of the pairs given above is/are correctly matched ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**109.** In the context of global economy, which one of the following pairs is ***not*** correctly matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | JP Morgan Chase | : | Financial Services |
| (b) | Roche Holding AG | : | Financial Services |
| (c) | WL Ross & Co. | : | Private Equity Firm |
| (d) | Warburg Pincus | : | Private Equity Firm |

**104.** अपराह्न 1 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलते हुए एक घड़ी की घंटे की सूई तथा मिनट की सूई कितनी बार समकोणों पर स्थित होंगी ?

(a) 9

(b) 10

(c) 18

(d) 20

**105.** 240 गेंदें तथा n बक्से $B_1, B_2, B_3, \ldots, B_n$ हैं । गेंदें बक्सों में इस प्रकार रखी जानी हैं कि $B_1$ में $B_2$ से 4 गेंदें अधिक हों, $B_2$ में $B_3$ से चार गेंदें अधिक हों और आगे यही क्रम जारी रहे । तो निम्नलिखित में से कौनसा एक, n का संभव मान ***नहीं*** हो सकता है ?

(a) 4

(b) 5

(c) 6

(d) 7

**106.** कैरम बोर्ड खेल प्रतियोगिता में, एक स्कूल के विद्यार्थी जिनमें m लड़के तथा n लड़कियाँ $(m > n > 1)$ हैं, भाग लेते हैं जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी को प्रत्येक अन्य विद्यार्थी के साथ ठीक एक खेल खेलना है । कुल खेले गए खेलों में यह पाया गया कि 221 खेलों में एक खिलाड़ी लड़का था तथा अन्य खिलाड़ी लड़की थी ।

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कुल 30 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया ।
2. 78 खेलों में दोनों खिलाड़ी लड़कियाँ ही थीं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**107.** A, B तथा C तीन पात्र हैं । A, B तथा C की भराव क्षमताएँ क्रमशः 6 लीटर, 10 लीटर तथा 16 लीटर हैं । पात्र C में 16 लीटर दूध है । इन तीनों पात्रों का उपयोग करते हुए दूध को उनमें विभाजित करना है ।

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 6 लीटर दूध, पात्र A तथा पात्र B, प्रत्येक में लेना संभव है ।
2. 8 लीटर दूध, पात्र B तथा पात्र C, प्रत्येक में लेना संभव है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**108.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

1. अशोक लेलैंड : हिन्दुजा समूह
2. हिंडाल्को उद्योग : ए.वी. बिड़ला समूह
3. सुज़लॉन एनर्जी : पुँज लायड समूह

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा/से सही सुमेलित है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**109.** विश्व अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों में से कौनसा सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) जे.पी. मॉर्गन चेज़ : वित्तीय सेवाएँ

(b) रोश होल्डिंग ए.जी. : वित्तीय सेवाएँ

(c) डब्ल्यू. एल. रौस एंड कम्पनी : प्राइवेट ईक्विटी फ़र्म

(d) वारबर्ग पिन्कस : प्राइवेट ईक्विटी फ़र्म

**110.** Consider the following houses :

1. Christie's
2. Osian's
3. Sotheby's

Which of the above is/are auctioneer/ auctioneers ?

(a) 1 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

**111.** In the context of $CO_2$ emission and Global Warming, what is the name of a market driven device under the UNFCC that allows developing countries to get funds/incentives from the developed countries to adopt better technologies that reduce greenhouse gas emissions ?

(a) Carbon Footprint
(b) Carbon Credit Rating
(c) Clean Development Mechanism
(d) Emission Reduction Norm

**112.** The concept of carbon credit originated from which one of the following ?

(a) Earth Summit, Rio de Janeiro
(b) Kyoto Protocol
(c) Montreal Protocol
(d) G-8 Summit, Heiligendamm

**113.** Who among the following is the founder of World Economic Forum ?

(a) Klaus Schwab
(b) John Kenneth Galbraith
(c) Robert Zoellick
(d) Paul Krugman

**114.** The Security Council of UN consists of 5 permanent members, and the remaining 10 members are elected by the General Assembly for a term of

(a) 1 year
(b) 2 years
(c) 3 years
(d) 5 years

**115.** From which one of the following did Kosovo declare its independence ?

(a) Bulgaria
(b) Croatia
(c) Macedonia
(d) Serbia

**116.** Which one of the following pairs of countries fought wars over a region called Ogaden ?

(a) Eritrea and Sudan
(b) Ethiopia and Somalia
(c) Kenya and Somalia
(d) Ethiopia and Sudan

**117.** In the middle of the year 2008 the Parliament of which one of the following countries became the first in the world to enact a Climate Act by passing "The Climate Change Accountability Bill" ?

(a) Australia
(b) Canada
(c) Germany
(d) Japan

**118.** Which one among the following has the highest energy ?

(a) Blue light
(b) Green light
(c) Red light
(d) Yellow light

**110.** निम्नलिखित संस्थाओं पर विचार कीजिए :

1. क्रिस्टीज़
2. ओसियान्स
3. सौथबीज़

उपर्युक्त में से कौन सा/से नीलामकर्ता है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**111.** $CO_2$ उत्सर्जन एवं भूमंडलीय तापन के संदर्भ में, UNFCC के अंतर्गत उस बाज़ार संचालित युक्ति का क्या नाम है जो विकासशील देशों को विकसित देशों से निधियाँ/प्रोत्साहन उपलब्ध कराती है, ताकि वे अच्छी प्रौद्योगिकियाँ अपनाकर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम कर सकें ?

(a) कार्बन फुटप्रिंट

(b) कार्बन क्रेडिट रेटिंग

(c) स्वच्छ विकास युक्ति

(d) उत्सर्जन निम्नीकरण मानक

**112.** कार्बन क्रेडिट की संकल्पना निम्नलिखित में से किससे उद्भूत हुई ?

(a) पृथ्वी शिखरवार्ता, रियो-दे-जेनीरो

(b) क्योटो प्रोटोकॉल

(c) मॉन्ट्रियाल प्रोटोकॉल

(d) जी-8 शिखरवार्ता, हीलिजेन्डाम

**113.** निम्नलिखित में से कौन विश्व आर्थिक मंच का संस्थापक है ?

(a) क्लॉस श्वाब

(b) जॉन कैनेथ गॉलब्रैथ

(c) रॉबर्ट ज़ूलिक

(d) पॉल क्रुगमैन

**114.** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में 5 स्थाई सदस्य हैं और बाकी 10 सदस्य महासभा द्वारा निम्नलिखित में से किस अवधि के लिए चुने जाते हैं ?

(a) 1 वर्ष

(b) 2 वर्ष

(c) 3 वर्ष

(d) 5 वर्ष

**115.** निम्नलिखित में से किससे कोसोवो ने अपनी स्वाधीनता की घोषणा की ?

(a) बुल्गारिया

(b) क्रोएशिया

(c) मैसीडोनिया

(d) सर्बिया

**116.** ओगाडन क्षेत्र के लिए निम्नलिखित में से किन दो देशों ने लड़ाई की ?

(a) एरीट्रीया और सूडान

(b) इथियोपिया और सोमालिया

(c) केन्या और सोमालिया

(d) इथियोपिया और सूडान

**117.** निम्नलिखित में से कौनसे देश की संसद, वर्ष 2008 के मध्य में "दि क्लाइमेट चेंज एकाउंटेबिलिटी बिल" पारित कर एक जलवायु अधिनियम अधिनियमित करने वाली विश्व की पहली संसद बनी ?

(a) आस्ट्रेलिया

(b) कनाडा

(c) जर्मनी

(d) जापान

**118.** निम्नलिखित में से किसमें उच्चतम ऊर्जा होती है ?

(a) नीला प्रकाश

(b) हरा प्रकाश

(c) लाल प्रकाश

(d) पीला प्रकाश

**119.** In the context of independent India's economy, which one of the following was the earliest event to take place ?

(a) Nationalisation of Insurance companies

(b) Nationalisation of State Bank of India

(c) Enactment of Banking Regulation Act

(d) Introduction of First Five-Year Plan

**120.** Consider the following pairs :

| | *Automobile Manufacturer* | | *Headquarters* |
|---|---|---|---|
| 1. | BMW AG | : | USA |
| 2. | Daimler AG | : | Sweden |
| 3. | Renault S.A. | : | France |
| 4. | Volkswagen AG | : | Germany |

Which of the pairs given above is/are correctly matched ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 3 and 4

(c) 4 only

(d) 1, 2 and 4

**121.** Which one of the following is ***not*** a drug/pharma company ?

(a) Chevron

(b) Nicholas Piramal

(c) Pfizer

(d) Zydus Cadila

**122.** Who of the following is the author of the book "The Audacity of Hope" ?

(a) Al Gore

(b) Barack Obama

(c) Bill Clinton

(d) Hillary Clinton

**123.** A present group of nations known as G-8 started first as G-7. Which one among the following was ***not*** one of them ?

(a) Canada

(b) Italy

(c) Japan

(d) Russia

**124.** Consider the following statements :

1. The Baglihar Power Project had been constructed within the parameters of the Indus Water Treaty.

2. The project was completely built by the Union Government with loans from Japan and the World Bank.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**125.** When Leander Paes won the "mixed doubles" at the US Open in the year 2008, who of the following was his partner ?

(a) Ana Ivanovic

(b) Cara Black

(c) Dinara Safina

(d) Jelena Jankovic

**126.** In the context of Indian news in recent times, what is MCX-SX ?

(a) A kind of supercomputer

(b) Title of Moon Impact Probe

(c) Stock exchange

(d) Nuclear-powered submarine

**119.** स्वतंत्र भारत की अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौनसी एक, सर्वप्रथम घटित होने वाली घटना थी ?

(a) बीमा कंपनियों का राष्ट्रीयकरण

(b) भारतीय स्टेट बैंक का राष्ट्रीयकरण

(c) बैंकिंग रेगुलेशन ऐक्ट का अधिनियमन

(d) पहली पंचवर्षीय योजना लागू करना

**120.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | *ऑटोमोबाइल निर्माता* | | *मुख्यालय* |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.एम.डब्ल्यू. ए.जी. | : | यू.एस.ए. |
| 2. | डाइमलर ए.जी. | : | स्वीडन |
| 3. | रेनॉल्ट एस.ए. | : | फ्राँस |
| 4. | वोक्सवैगन ए.जी. | : | जर्मनी |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा/से सही सुमेलित है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3

(b) 3 और 4

(c) केवल 4

(d) 1, 2 और 4

**121.** निम्नलिखित में से कौनसी एक औषध/औषध निर्माता कम्पनी *नहीं* है ?

(a) शेवरोन

(b) निकोलस पीरामल

(c) फ़ाइज़र

(d) ज़ाइडस कैडिला

**122.** निम्नलिखित में से "दि ऑडेसिटी ऑफ़ होप" पुस्तक का लेखक कौन है ?

(a) एल गोर

(b) बराक ओबामा

(c) बिल क्लिन्टन

(d) हिलेरी क्लिन्टन

**123.** जी-8 देशों के रूप में जाना जाने वाला वर्तमान राष्ट्र समूह पहले जी-7 के रूप में शुरू हुआ था । निम्नलिखित देशों में से कौनसा देश इस समूह में *नहीं* था ?

(a) कनाडा

(b) इटली

(c) जापान

(d) रूस

**124.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. बगलिहार विद्युत् परियोजना का निर्माण सिंधु जल संधि के प्राचलों के अंतर्गत हुआ था ।
2. यह परियोजना संघ सरकार ने जापान एवं विश्व बैंक से प्राप्त ऋणों से पूरी तरह निर्मित की ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**125.** जब लिएंडर पेस ने "मिक्स्ड डबल्स" वर्ष 2008 में यू.एस. ओपन में जीता था, तो उसका पार्टनर निम्नलिखित में से कौन था ?

(a) एना इवानोविच

(b) कारा ब्लैक

(c) दिनारा सफीना

(d) येलेना यांकोविच

**126.** हाल के भारतीय समाचारों के संदर्भ में MCX-SX क्या है ?

(a) एक तरह का सुपर-कम्प्यूटर

(b) चंद्रमा संघट्ट अन्वेषी (मून इम्पैक्ट प्रोब) का नाम

(c) स्टॉक एक्सचेंज

(d) नाभिकीय-शक्तियुक्त पनडुब्बी

127. Which one of the following pairs is *not* correctly matched ?

(a) Barbora Spotakova : Javelin throw

(b) Pamela Jelimo : Weightlifting

(c) Sanya Richards : Sprint

(d) Yelena Isinbayeva : Pole Vault

128. India has recently landed its Moon Impact Probe on the Moon. Among the following countries, which one landed such probe on the Moon earlier ?

(a) Australia

(b) Canada

(c) China

(d) Japan

129. Who of the following is a football player ?

(a) Fernando Alonso

(b) Kimi Raikkonen

(c) Lewis Hamilton

(d) Nicolas Anelka

130. Consider the following pairs :

| | *Famous place* | | *Country* |
|---|---|---|---|
| 1. | Cannes | : | France |
| 2. | Davos | : | Denmark |
| 3. | Roland Garros | : | The Netherlands |

Which of the pairs given above is/are correctly matched ?

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

131. Among the following, which one is *not* a football club ?

(a) Arsenal

(b) Aston Villa

(c) Chelsea

(d) Monte Carlo

132. The marine animal called dugong which is vulnerable to extinction is a/an

(a) Amphibian

(b) Bony fish

(c) Shark

(d) Mammal

133. The Dul Hasti Power Station is based on which one of the following rivers ?

(a) Beas

(b) Chenab

(c) Ravi

(d) Sutlej

134. Consider the following statements :

1. V.K. Krishna Menon Foundation is based in New Delhi.
2. The first recipient of the V.K. Krishna Menon Award is the Chief Justice of India, K.G. Balakrishnan.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

127. निम्नलिखित युग्मों में से कौनसा एक, सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) बारबोरा स्पोटाकोवा : जेवलिन थ्रो

(b) पामेला जेलीमो : भारोत्तोलन

(c) सान्या रिचर्ड्स : स्प्रिंट

(d) येलेना इसिनबायेवा : पोल वॉल्ट

128. भारत ने हाल में चंद्रमा संघट्ट अन्वेषी (मून इम्पैक्ट प्रोब) चंद्रमा पर उतारा है । निम्नलिखित देशों में से किस देश ने इसी तरह का अन्वेषी चंद्रमा पर पहले उतारा था ?

(a) आस्ट्रेलिया

(b) कनाडा

(c) चीन

(d) जापान

129. निम्नलिखित में से कौन फुटबाल का खिलाड़ी है ?

(a) फर्नान्डो अलोन्सो

(b) कीमी रैक्कोनन

(c) ल्यूइस हैमिल्टन

(d) निकोलस अनेल्का

130. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | *प्रसिद्ध स्थान* | | *देश* |
|---|---|---|---|
| 1. | कान | : | फ्रांस |
| 2. | डवोस | : | डेनमार्क |
| 3. | रोलाँ गारो | : | द नीदरलैंड्स |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा/से सही सुमेलित है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

131. निम्नलिखित में से कौनसा एक फुटबाल क्लब ***नहीं*** है ?

(a) आर्सेनल

(b) ऐस्टन विला

(c) चेल्सि

(d) मोन्टे कार्लो

132. डुगोन्ग नामक समुद्री जीव जो कि विलोपन की कगार पर है, क्या है ?

(a) उभयचर (ऐम्फ़िबियन)

(b) बोनी फिश

(c) शार्क

(d) स्तनधारी (मैमल)

133. दुल हस्ती पॉवर स्टेशन निम्नलिखित में से किस एक नदी पर आधारित है ?

(a) ब्यास

(b) चेनाब

(c) रावी

(d) सतलज

134. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वी.के. कृष्ण मेनन फाउन्डेशन नई दिल्ली में है ।

2. वी.के. कृष्ण मेनन पुरस्कार के सर्वप्रथम प्राप्तकर्ता भारत के मुख्य न्यायाधीश के.जी. बालाकृष्णन हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**135.** Which one of the following is the country's administrative capital/new federal administrative centre of Malaysia ?

(a) Kota Bharu

(b) Kuala Terengganu

(c) Putrajaya

(d) Taiping

**136.** In the context of Indian defence, consider the following statements :

1. The Shourya missile flies with a speed of more than 8 Mach.

2. The range of Shourya missile is more than 1600 km.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**137.** WiMAX is related to which one of the following ?

(a) Biotechnology

(b) Space technology

(c) Missile technology

(d) Communication technology

**138.** For outstanding contribution to which one of the following fields is Shanti Swarup Bhatnagar Prize given ?

(a) Literature

(b) Performing Arts

(c) Science

(d) Social Service

**139.** In making the saffron spice, which one of the following parts of the plant is used ?

(a) Leaf

(b) Petal

(c) Sepal

(d) Stigma

**140.** In the year 2008, which one of the following conducted a complex scientific experiment in which sub-atomic particles were accelerated to nearly the speed of light ?

(a) European Space Agency

(b) European Organization for Nuclear Research

(c) International Atomic Energy Agency

(d) National Aeronautics and Space Administration

**141.** A very big refugee camp called Dadaab, recently in the news, is located in

(a) Ethiopia

(b) Kenya

(c) Somalia

(d) Sudan

**142.** Consider the following names :

1. Ike

2. Kate

3. Gustav

Which of the above are the names of hurricanes that had occurred very recently ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

135. निम्नलिखित में से कौनसा एक, मलेशिया देश की प्रशासनिक राजधानी/नया संघीय प्रशासनिक केन्द्र है ?

(a) कोटा भारु

(b) कुआला टैरेंगानू

(c) पुत्राजाया

(d) ताइपिंग

136. भारतीय रक्षा के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. शौर्य मिसाइल 8 मैक (Mach) से अधिक गति से उड़ती है ।

2. शौर्य मिसाइल की परास 1600 किमी से अधिक है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

137. WiMAX निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?

(a) जैव प्रौद्योगिकी

(b) अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी

(c) मिसाइल प्रौद्योगिकी

(d) संचार प्रौद्योगिकी

138. निम्नलिखित में से किस एक क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए शान्ति स्वरूप भटनागर पुरस्कार प्रदान किया जाता है ?

(a) साहित्य

(b) निष्पादन कलाएँ (परफॉर्मिंग आर्ट्स)

(c) विज्ञान

(d) समाज सेवा

139. केसर मसाला (सैफ्रन स्पाइस) बनाने के लिए पौधे का निम्नलिखित में से कौनसा भाग उपयोग में लाया जाता है ?

(a) पत्ता

(b) पंखुड़ी

(c) बाह्यदल

(d) वर्तिकाग्र (स्टिग्मा)

140. वर्ष 2008 में निम्नलिखित में से किसने एक जटिल वैज्ञानिक प्रयोग किया जिसमें अवपरमाण्विक कणों को लगभग प्रकाश की गति तक त्वरित किया गया ?

(a) यूरोपियन स्पेस एजेन्सी

(b) यूरोपियन ऑर्गेनाइज़ेशन फॉर न्यूक्लियर रिसर्च

(c) इन्टरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेन्सी

(d) नेशनल एयरोनॉटिक्स एण्ड स्पेस ऐडमिनिस्ट्रेशन

141. ददाब नामक एक बहुत बड़ा शरणार्थी शिविर जो हाल ही में समाचारों में था, कहाँ स्थित है ?

(a) इथियोपिया

(b) केन्या

(c) सोमालिया

(d) सूडान

142. निम्नलिखित नामों पर विचार कीजिए :

1. इके

2. केट

3. गुस्ताव

उपर्युक्त में से कौनसे उन प्रभंजनों (हरीकेन्स) के नाम हैं जो हाल में आए थे ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

143. In the context of alternative sources of energy, ethanol as a viable bio-fuel can be obtained from

(a) Potato

(b) Rice

(c) Sugarcane

(d) Wheat

144. Consider the following famous names :

1. Amrita Sher-Gil
2. Bikash Bhattacharjee
3. N.S. Bendre
4. Subodh Gupta

Who of the above is/are well known as artist(s) ?

(a) 1 only

(b) 1 and 4 only

(c) 2, 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

145. NAMA-11 (Nama-11) group of countries frequently appears in the news in the context of the affairs of which one of the following ?

(a) Nuclear Suppliers Group

(b) World Bank

(c) World Economic Forum

(d) World Trade Organization

146. In the latter half of the year 2008, which one of the following countries pulled out of Commonwealth of Independent States ?

(a) Azerbaijan

(b) Belarus

(c) Georgia

(d) Kazakhstan

147. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I* (*Persons in news*) | *List II* (*Countries they belong to*) |
|---|---|
| A. Luisa Dias Diogo | 1. Kenya |
| B. Mwai Kibaki | 2. Mozambique |
| C. Rupiah Banda | 3. Zambia |
| | 4. Zimbabwe |

**Code :**

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 4 |

148. Consider the following regions :

1. Eastern Himalayas
2. Eastern Mediterranean region
3. North-western Australia

Which of the above is/are Biodiversity Hotspot(s) ?

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

149. With reference to the evolution of living organisms, which one of the following sequences is correct ?

(a) Octopus – Dolphin – Shark

(b) Pangolin – Tortoise – Hawk

(c) Salamander – Python – Kangaroo

(d) Frog – Crab – Prawn

150. The Panda belongs to the same family as that of

(a) Bear

(b) Cat

(c) Dog

(d) Rabbit

**143.** ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के संदर्भ में, एक व्यवहार्य जैव-ईंधन एथेनॉल, इनमें से किससे प्राप्त किया जा सकता है ?

(a) आलू

(b) चावल

(c) गन्ना

(d) गेहूँ

**144.** निम्नलिखित प्रसिद्ध नामों पर विचार कीजिए :

1. अमृता शेर-गिल
2. बिकाश भट्टाचारजी
3. एन.एस. बेन्द्रे
4. सुबोध गुप्ता

उपर्युक्त में से कौन कलाकार के रूप में विख्यात है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 4

(c) केवल 2, 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**145.** NAMA-11 (Nama-11) देशों का समूह, निम्नलिखित में से किस एक के मामलों के संदर्भ में प्रायः समाचारों में आता है ?

(a) नाभिकीय पूर्तिकर्ता समूह

(b) विश्व बैंक

(c) विश्व आर्थिक मंच

(d) विश्व व्यापार संगठन

**146.** वर्ष 2008 के उत्तरार्द्ध में निम्नलिखित में से कौनसा देश स्वतंत्र राज्यों के राष्ट्रकुल से निकल गया ?

(a) अज़रबैजान

(b) बेलारूस

(c) जॉर्जिया

(d) कज़ाख़स्तान

**147.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (चर्चित व्यक्ति)* | *सूची II (उनका देश)* |
|---|---|
| A. लुइसा डिआस दिओगो | 1. केन्या |
| B. मवाई किबाकी | 2. मोज़ांबीक़ |
| C. रुपियाह बंदा | 3. ज़ाम्बिया |
| | 4. ज़िम्बाब्वे |

**कूट :**

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 4 |

**148.** निम्नलिखित क्षेत्रों पर विचार कीजिए :

1. पूर्वी हिमालय
2. पूर्वी भूमध्यसागरीय क्षेत्र
3. उत्तर-पश्चिमी आस्ट्रेलिया

उपर्युक्त में से कौन सा/से जैव विविधता का/के हॉटस्पॉट है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**149.** जीवों के विकास (ईवोल्यूशन) के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौनसा अनुक्रम सही है ?

(a) ऑक्टोपस – डॉलफ़िन – शार्क

(b) पैन्गोलिन – कच्छप – बाज़

(c) सालामैन्डर – अजगर – कंगारू

(d) मेंढक – केकड़ा – झींगा

**150.** पांडा भी उसी कुल का है, जिसका/की है

(a) भालू

(b) बिल्ली

(c) कुत्ता

(d) ख़रगोश

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

**SPACE FOR ROUGH WORK**

**कच्चे काम के लिए जगह**

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

**SPACE FOR ROUGH WORK**

**कच्चे काम के लिए जगह**

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

**टी.बी.सी. : Q-DTQ-J-HT**

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

# A

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य अध्ययन

*समय : दो घण्टे* *पूर्णांक : 150*

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए ।**
2. **उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिए ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **150** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई (0·33)** दण्ड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा ।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.